## एक नजर में



### मकर संक्रांति उत्सव एवं सम्मान समारोह में खेले मनोरंजक खेल

ग्वालियर। संत रविदास मंडल, भारतीय जनता पार्टी द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर मकर संक्रांति उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित रहे। वहीं जिलाध्यक्ष जे.पी राजोरिया सहित जिले के समस्त मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारीगण, पार्षदगण एवं मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष लवी प्रकाश खंडेलवाल के स्वागत भाषण से हुआ। इस दौरान सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने हेतु अनेक मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें पतंगबाजी, रस्साकशी, सितोलिया, चेयर रेस आदि प्रमुख रहे। इन खेलों में सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अतिथियों द्वारा सम्मान एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान संयोजक बृज किशोर राठौर, वीर सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री आशु सिसोदिया एवं आभार मंडल महामंत्री सुनील शर्मा ने किया।




### आरटीओ की टीम ने दस बसों से हटवाए केबिन के दरवाजे

ग्वालियर। ग्वालियर शहर से प्रदेश व देश के शहरों के बीच चल रहीं स्लीपर बसों की यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रमजीत सिंह कंग को अभियान बतौर स्लीपर बसों की जाँच करने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में शनिवार को 20 से अधिक स्लीपर बसों की जांच की गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रमजीत सिंह कंग ने बताया कि स्लीपर बसों के निरीक्षण के दौरान खासतौर पर ड्राइवर पार्टीशन, केबिन दरवाज़ा, स्लाइडर्स व फायर सिस्टम की जांच की गई। इस दौरान 10 से अधिक बसों से केबिन दरवाजे तत्काल हटवाए गए। साथ ही एफडीएसएस फायर सिस्टम लगवाने के निर्देश बस संचालकों को दिए गए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ बसों में कोई समझौता न हो, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जायेगी। बसों के निरीक्षण के लिये गई टीम में आरटीआई प्रवीण नाहर, अनवर खान, उम्मेद बेग आदि शामिल थे।

### गेस्ट हाउस में ठहरे युवक के बैग से 15000 पार

ग्वालियर। सचिन तेंदुलकर मार्ग स्थित कृष्णम गेस्ट हाउस में ठहरे व्यक्ति के ट्रॉली बैग में रखे 15000 रुपए अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दिए। पैसे पार होने पर जब गेस्ट हाउस में पूछताछ की तो किसी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, जिसके चलते युवक ने विश्वविद्यालय थाने में प्रकरण दर्ज कराया है। कोलकत्ता निवासी तथागत भट्टाचार्य पुत्र सुदीप्त भट्टाचार्य उम्र 31 साल ग्वालियर में किसी कार्य से आया था। वह यहां पर सचिन तेंदुलकर मार्ग स्थित कृष्णम गेस्ट हाउस के रूम नंबर 4 में ठहरा था।

### भैंस चोरी कर झांसी के बूचड़खाने में बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर 18 जनवरी.** हस्तिनापुर थाना पुलिस ने पशु चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह गिरोह क्षेत्र से मवेशी चोरी कर उन्हें झांसी के बूचड़खानों में बेच दिया करता था। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक बोलेरो पिकअप, नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। ?घटना 10 जनवरी को हुई, जब ग्राम आरोली निवासी संतोष सिंह जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 जनवरी की रात उनके गौंड़ा (बाड़े) से अज्ञात चोर दो भैंसें चुरा ले गए। काफी तलाश के बाद भी जब भैंसें नहीं मिलीं, तो पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम तोर की पहाड़िया के पास दबिश देकर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ही संतोष जाटव की भैंसें चोरी की थीं। आरोपियों ने बताया कि वे चोरी की गई भैंसों को अपने लोडिंग वाहन के जरिए झांसी स्थित बूचड़खाने में बेच चुके हैं।



### आज से शुरू हुआ विशेष 'केचअप' टीकाकरण अभियान

ग्वालियर 18 जनवरी। ग्वालियर जिले में बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने और भारत सरकार के मिजल्स-रूबेला उन्मूलन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आज से एक विशेष टीकाकरण अभियान का आगाज हो गया है। कलेक्टर रुचिका सिंह चौहान के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। भारत सरकार ने दिसंबर 2026 तक देश को मिजल्स-रूबेला से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। ग्वालियर जिले के सभी ब्लॉकों में कम से कम 95 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज प्राप्त करना अनिवार्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन बच्चों को कवर किया जा रहा है जो नियमित टीकाकरण से किन्हीं कारणों से छूट गए थे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रामकुमार गुप्ता के अनुसार, अभियान को निम्नलिखित तीन चरणों में विभाजित किया गया है, पहला चरण आज 19 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक, द्वितीय चरण 16 से 21 फरवरी, तृतीय चरण 16 से 25 मार्च 2026 तक चलाया जाएगा। जिला मीडिया अधिकारी इन्द्रपाल निवारिया ने बताया कि अभियान की सफलता हेतु पूर्ण तैयारी कर ली गई हैं उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि अगर आपका बच्चा अगर किसी टीके लगने से छूट गया है तो इस अभियान के दौरान उसे अवश्य लगवायें, अधिक जानकारी के लिए आशा, एएनएम एवं शासकीय अस्पताल में सम्पर्क करें।

### पंच परिवर्तन श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के लिए बैठक आज

ग्वालियर। श्री शीतला माता मंदिर समिति पर आयोजित होने जा रहे पंच परिवर्तन श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि 21 जनवरी को ग्राम संताऊं से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो ग्राम सातऊं से होकर श्री शीतला माता मंदिर तक जाएगी। एवं उसी दिन पंच परिवर्तन श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू होगा एवं 28 जनवरी को हिंदू सम्मेलन एवं भंडारा से पूर्ण आहुति होगी। गुर्जर ने आगे आगे बताया कि 19 जनवरी शाम 5 बजे श्री शीतला माता मंदिर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें कार्यकर्ताओं को एवं सहयोगीजन आवश्यक रूप से उपस्थित होंगे जिसमें कार्यकर्ताओं को कलश यात्रा में व्यवस्था एवं आगामी कार्यक्रम के लिए व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं के लिए कार्य का विभाजन किया जाएगा। जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए।

# करोड़ों का नया बस स्टैंड बना सफेद हाथी

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 18 जनवरी.** ग्वालियर के नवनिर्मित शानदार आईएसबीटी को लेकर शहरवासियों में उत्साह के बजाय अब चिंता और नाराजगी देखी जा रही है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार यह बस स्टैंड उद्घाटन के महीनों बाद भी पूरी तरह शुरू नहीं हो पाया है।

**जनता की आवाज़- सुविधा या मुसीबत**

ग्वालियर। शहर के विकास के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर तैयार किया गया नया इंटरनेशनल बस टर्मिनल अपनी भव्यता के लिए तो चर्चा में है, लेकिन इसकी उपयोगिता पर अब बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। आलम यह है कि उद्घाटन का फीता कटे लंबा समय बीत गया, लेकिन बसें अब भी पुराने स्टैंडों से ही संचालित हो रही हैं।

इस मामले में ग्वालियर के अलग-अलग वर्गों (छात्र, व्यापारी, महिलाओं और बुजुर्गों ने अपनी प्रतिक्रियाएं कुछ इस प्रकार दी...



### जनता का सबसे बड़ा सवाल, इतनी दूर कैसे पहुचेंगे

शहर की जनता इस नए बस स्टैंड की लोकेशन को लेकर बेहद नाराज है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन ने बिना किसी ठोस प्लानिंग के बस स्टैंड को शहर के मुख्य रिहायशी इलाकों से काफी दूर बना दिया है। जनता की मांग है कि आईएसबीटी को सिर्फ 'शो-पीस' न बनाकर उसे जल्द से जल्द व्यवस्थित रूप से शुरू किया जाए। साथ ही, शहर के हर हिस्से से आईएसबीटी तक पहुँचने के लिए किफायती और सुरक्षित परिवहन सेवा (जैसे ई-रिक्शा या सिटी बसें) तुरंत शुरू की जाए।

### आखिर क्यों लटका है संचालन?

सूत्रों की मानें तो बस ऑपरेटरों और प्रशासन के बीच तालमेल की कमी और नए स्टैंड पर सुविधाओं के पूर्ण न होने के कारण शिफ्टिंग का काम अटका हुआ है। इसके अलावा लोकल ट्रांसपोर्ट का रूट तय न होना भी एक कारण है। शहर के विभिन्न कोनों से आईएसबीटी के लिए फिलहाल कोई सीधी बस सेवा सिटी बस शुरू नहीं हुई है। ऑपरेटरों का विरोध भी एक बड़ा कारण बन गया है। बस मालिक पुराने स्टैंड की प्राइम लोकेशन को छोड़ना नहीं चाहते, क्योंकि उन्हें सवारी कम होने का डर है।

### इसलिए नहीं हो पा रहा है नया बस स्टैंड सफल

**कनेक्टिविटी का अभाव :** लोगों का कहना है कि घर से बस स्टैंड पहुँचने के लिए जितना किराया लगेगा, उससे कम में तो बस का टिकट आ जाता है।

**परिवहन के साधनों की कमी :** देर रात या सुबह के वक्त नए आईएसबीटी तक पहुँचने के लिए ऑटो या अन्य वाहन मिलना लगभग नामुमकिन है।

**सुरक्षा की चिंता :** शहर से दूर और सुनसान रास्ता होने के कारण यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को सुरक्षा का डर सता रहा है।

### इनका कहना है ....


**बुजुर्ग नागरिक के लिए कनेक्टिविटी का अभाव**



हमारे जैसे बुजुर्गों के लिए इतनी दूर जाना और फिर वहां प्लेटफॉर्म तक पैदल चलना बहुत मुश्किल है। बिना ई-रिक्शा या शटल सेवा के इस बस स्टैंड का कोई मतलब नहीं है। यह सिर्फ पैसे की बर्बादी लगती है क्योंकि आम आदमी के लिए वहां पहुँचना किसी जंग जीतने जैसा है।

**जे पी शर्मा, सेवानिवृत्त अधिकारी**

**भारी अटैची लेकर इतनी दूर कैसे पहुँचेंगे**



बिना कनेक्टिविटी और सिटी ट्रांसपोर्ट प्लान किए इतना बड़ा प्रोजेक्ट खड़ा कर दिया गया। आम आदमी अपनी भारी अटैची लेकर इतनी दूर कैसे जाएगा। प्रशासन को पहले यहाँ तक पहुँचने के लिए सुलभ रास्ते और कम दाम में परिवहन की व्यवस्था करनी चाहिए थी।

**राकेश शर्मा, स्थानीय नागरिक**

**छात्रों के लिए, जेब पर भारी पड़ेगा सफर**



मैं पढ़ाई के लिए इंदौर जाता हूँ। नए आईएसबीटी जाने के लिए ऑटो वाले 200-300 रुपये मांगते हैं। जितना बस का किराया नहीं है, उससे ज्यादा वहां पहुँचने का खर्च होगा। सरकार को पहले वहां तक के लिए कम किराए वाली फीडर बसें चलानी चाहिए थीं।

**रामकुमार, छात्र**

**महिला यात्री के लिए सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता**



नया बस स्टैंड शहर से काफी कटा हुआ है। मेरा भिंड घर है, अगर मेरी बस रात को 10 बजे वहां उतरती है, तो वहां से घर आने के लिए कोई सुरक्षित साधन नहीं दिखता। सुनसान रास्ता होने के कारण अकेले जाने में डर लगता है। प्रशासन ने भव्य बिल्डिंग तो बना दी, पर सुरक्षा का क्या?

**दीप्ति पाठक, कामकाजी महिला**

**स्थानीय व्यापारी के लिए व्यापार ठप होने का डर**



शहर के बीचों-बीच होने से यात्रियों को खाने-पीने और ज़रूरत का सामान आसानी से मिल जाता था। अब इतनी दूर बसें जाने से यात्रियों का आना-कम हो जाएगा, जिससे कुछ लोगों का रोजगार भी प्रभावित होगा। प्रशासन ने छोटे दुकानदारों के बारे में बिल्कुल नहीं सोचा।

**मुकेश शर्मा, दुकानदार**

**ऑटो/टैक्सी चालक ने कहा, सड़कें तो तैयार हों**



हमें सवारी ले जाने में दिक्कत नहीं है, लेकिन वहां तक जाने वाले रास्ते और वहां पार्किंग की व्यवस्था अभी भी साफ नहीं है। सवारियां हमसे बहस करती हैं क्योंकि दूरी बढ़ गई है और हमें किराया ज़्यादा मांगना पड़ता है।

**संजय राठौर, ऑटो चालक**



**बीमार लोगों के लिए पैसा और सेहत दोनों पर डालेगा प्रभाव**

मेरे पैरों में तकलीफ है मैं महीने में चार बार मिहोना से ग्वालियर दवाई लेने आता हूं मेरे लिए पैदल चलना मुश्किल होता है नया बस स्टैंड शहर से दूर होने की वजह से न सिर्फ मेरी आर्थिक स्थिति बल्कि सेहत पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा।

**सुधीर शर्मा, मिहोना**

## शासकीय सेवानिवृत पेंशनर्स एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की घोषणा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जनवरी.** शासकीय सेवानिवृत पेंशनर्स एसोसिएशन, मध्य प्रदेश भोपाल के प्रांत अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने संघ अधिसूचना जारी कर संघ संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रांतीय कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की घोषणा की है। इसमें अशोक भार्गव भोपाल, डॉ प्रताप शंकर भार्गव ग्वालियर, रामचंद्र दुबे इंदौर, डॉक्टर विजय सिंह मौर्य शिवपुरी, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया इंदौर, डॉक्टर परमानंद तिवारी शहडोल, सुनील नेमा जबलपुर, नरोत्तम दास गुप्ता सिंगरौली, शिवाजीराव भोसले ग्वालियर, संगठन में प्रांतीय सचिव के रूप में सविता अवस्थी भोपाल, बृजेश कुमार मिश्रा ग्वालियर, भीकमचंद जैन इंदौर, शरद मिठास ग्वालियर, राजेश दुबे दमोह, राकेश कुमार भार्गव शिवपुरी, प्रांतीय संयुक्त सचिव के रूप में राजेंद्र कुमार शर्मा ग्वालियर, गोविंद व्यास इंदौर, दिनेश शर्मा ग्वालियर को सम्मिलित किया गया है। शपथ ग्रहण समारोह ग्वालियर में 8 फरवरी को चेंबर और कॉमर्स के सभागार में संपन्न होगा।

## महिला मोर्चा ने फूल सिंह बरैया का पुतला फूंका

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जनवरी.** कांग्रेस के विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में रविवार को भाजपा जिला कार्यालय मुखर्जी भवन पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी और फूल सिंह बरैया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया



ने रेप जैसे गंभीर अपराध को जाति और धार्मिक मान्यताओं से जोड़ते हुए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समाज का उल्लेख कर महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी बयान को लेकर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विरोध दर्ज कराया गया। उन्होंने कांग्रेस विधायक के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता का परिचायक बताया।

पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, खुशबु गुप्ता, करुणा सक्सेना, किरण लता भदौरिया, मंजू सिकरवार, सुमन शर्मा, राकेश माहौर, महामंत्री सुरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, सत्येंद्र शर्मा, महेंद्र सोलंकी, रमेश सेन, जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी, तृप्ति भटनागर, स्वाति अग्रवाल, कविता सोनी, गिरजा गर्ग, अनूप, भूषण नारले, मधु गुप्ता, प्रदीप गर्ग, गिरिराज व्यास, वंदना प्रेमी सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आरजेएन अपोलो में रोबोटिक नी जॉइंट रिप्लेसमेंट कैंप लगा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जनवरी.** आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पीटल में 18 जनवरी, रविवार को आयोजित रोबोटिक नी जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं फ्री सेकंड ओपिनियन कैंप अत्यंत सफल रहा। इस कैंप में 100 से अधिक मरीजों ने परामर्श लेकर आधुनिक रोबोटिक तकनीक से होने वाली घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी के लाभों को समझा। कैंप के दौरान वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. हिमांशु कुशवाह एवं डॉ. अनिरुद्ध चांडक ने मरीजों की विस्तृत जांच कर उन्हें नि:शुल्क सेकंड ओपिनियन प्रदान किया। डॉक्टरों ने बताया कि कैंप में बड़ी संख्या में ऐसे मरीज पहुंचे जो गंभीर गठिया से पीड़ित थे, जिनमें से कई मरीज व्हीलचेयर पर आए थे। इन मरीजों

**18 जनवरी को आयोजित कैंप में 100 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ**





को रोबोटिक तकनीक से की जाने वाली सर्जरी की सटीकता, सुरक्षा और बेहतर परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉक्टरों के अनुसार, रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी पारंपरिक सर्जरी की तुलना में अधिक प्रिसाइज़, सुरक्षित होती है तथा इससे मरीजों की रिकवरी तेज होती है और लंबे समय में बेहतर परिणाम मिलते हैं। कैंप में मरीजों और उनके परिजनों ने इस तकनीक में गहरी रुचि दिखाई और कई मरीजों ने आगे के उपचार के लिए पंजीकरण भी कराया। कैंप की सफलता को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन डॉ. पार्थ भसीन ने जानकारी दी कि अब आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पीटल में हर महीने के तीसरे रविवार को फ्री सेकंड ओपिनियन जॉइंट रिप्लेसमेंट कैंप का नियमित आयोजन किया जाएगा, ताकि समाज के हर वर्ग के मरीज इस सुविधा का लाभ उठा सकें और सही समय पर उचित उपचार का निर्णय ले सकें। ग्रुप सीईओ मुकेश सभरवाल ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता एवं परामर्श कैंप आयोजित कर ग्वालियर एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।

## दहेज प्रताड़ना के चार मामले दर्ज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जनवरी.** महिला थाने में दहेज प्रताड़ना के चार मामले दर्ज कराए गए हैं। चारों ही मामलों में पति, ससुर, सास सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। राधिका जाटव का विवाह 2019 में पुत्री राजेंद्र जाटव उम्र 24 साल निवासी सिकंदर कम्पू का विवाह अनिल कुमार जाटव मुरार के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन राधिका पर दहेज के लिए दवाब बना रहे थे। दहेज के लिए राधिका के साथ मारपीट की गई। शनिवार को राधिका ने दहेज प्रताड़ना के तहत अनिल कुमार जाटव, केशव जाटव, रामाबाई जाटव, कांति जाटव के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

इसी प्रकार ओमवती कुशवाह पुत्री रणजीत सिंह कुशवाह उम्र 20 साल का विवाह 2023 में बिलौआ निवासी सर्वेश कुशवाह के साथ हुआ था, सर्वेश एवं उसके परिजनों ने ओमवती को दहेज के लिए प्रताड़ित किया। इसके चलते शनिवार को ओमवती ने सर्वेश कुशवाह, बलराम कुशवाह, सुनील कुशवाह, धन्तो कुशवाह के खिलाफ दहेज का प्रकरण दर्ज कराया है। वहीं सीमा बाथम पुत्री गोविंददास बाथम का विवाह 2020 में गोसपुरा निवासी सचिन बाथम के साथ हुआ था, दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन सीमा बाथम को परेशान करते थे, साथ ही उसके साथ मारपीट करते थे। सीमा ने अपने ससुरालीजन सचिन बाथम, रामसेवक बाथम, राधा बाथम, आशीष बाथम, संध्या बाथम के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट एवं छेड़छाड का प्रकरण दर्ज कराया है। जबकि मोनिका माहौर पुत्र पूरन सिंह माहौर का विवाह 2024 में अमन कुमार के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही अमन कुमार एवं उसके परिजनों ने मोनिका पर दहेज के लिए दवाब बनाया, साथ ही उसे मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना दी। मोनिका ने अमन कुमार, रामरूप माहौर, अमर माहौर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया है।

## उद्यमिता से ही बनेगा आत्मनिर्भर भारत : कुलगुरु प्रो. तोमर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 जनवरी.** एमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर के एमिटी इनोवेशन इन्क्यूबेटर द्वारा राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस 2026 का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों एवं संकाय सदस्यों को नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप की संस्कृति विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

**एमिटी विश्वविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस**

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. (डॉ.) आर. एस. तोमर के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि 'आज का युग नवाचार और तकनीक का युग है। यदि हम आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं, तो हमें शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित न रखकर, उसे उद्यमिता और स्टार्टअप से जोड़ना



होगा।' स्टार्टअप्स केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि वे सामाजिक और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम भी हैं। ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यावरण, डिजिटल सेवाएं और तकनीकी नवाचार जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप्स देश की प्रगति को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि एमिटी विश्वविद्यालय का विशिष्ट इनोवेशन इकोसिस्टम छात्रों और शिक्षकों को उनके विचारों को स्टार्टअप में बदलने के लिए सक्षम बना रहा है। उन्होंने सभी छात्रों एवं फैकल्टी सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपनी रचनात्मक सोच, अनुसंधान और तकनीकी ज्ञान का उपयोग समाजहित और राष्ट्र निर्माण में करें।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. दिनेश शर्मा, सदस्य सचिव, एमिटी इनोवेशन इन्क्यूबेटर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. विनय द्विवेदी, डॉ. मुकेश सिकरवार, डॉ. नीरज मिश्रा, डॉ. सी. एस. रघुवंशी, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. आस्था जोशी तथा अन्य संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संदेश में विश्विद्यालय के प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी के शर्मा, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने छात्रों को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एमिटी इनोवेशन इनक्यूबेटर के प्रयासों की सराहना की।

### प्रतिदिन 200-250 नए स्टार्टअप पंजीकृत हो रहे

इस अवसर पर एमिटी इनोवेशन इन्क्यूबेटर के चेयरपर्सन प्रो. (डॉ.) राघवेंद्र कुमार मिश्रा ने विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन के महत्व और स्टार्टअप संस्कृति की भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का इनक्यूबेशन सेंटर नवाचारों को प्रोत्साहित करने, मार्गदर्शन देने और उन्हें सफल स्टार्टअप में बदलने हेतु आवश्यक संसाधन और सहयोग उपलब्ध करा रहा है। साथ ही बताया कि देश में प्रतिदिन 200-250 नए स्टार्टअप पंजीकृत हो रहे हैं। यह सकारात्मक प्रवृत्ति भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।





